
UPHIN/2011/39718
(डिजिटल संस्करण)
बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़
सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-154 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) शनिवार 16 मई 2026 youngbharatE-paper.com

# यूपी में आयुष्मान योजना में धांधली रोकने के लिए योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई, 100 अस्पताल निलंबित; सौ का भुगतान रोका


संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और जवाबदेह बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निर्धारित मानकों का पालन नहीं करने वाले निजी चिकित्सालयों पर बड़ी कार्रवाई की गई है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश हैं कि योजना के लाभार्थियों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना देश के आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्गों को नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण योजना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में इसे अधिक प्रभावी, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने के लिए समय-समय पर सुधारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसी दिशा में अस्पतालों की सूचीबद्धता और गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक सख्त बनाया गया है। योगी सरकार द्वारा अस्पताल इम्पैनलमेंट मॉड्यूल (एचईएम) पोर्टल के माध्यम से सूचीबद्ध अस्पतालों का सत्यापन निर्धारित मानकों के आधार पर किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत अस्पतालों के लिए 35 महत्वपूर्ण मानकों को पूरा करना अनिवार्य किया गया है। इनमें अस्पताल का पंजीकरण प्रमाणपत्र, फायर सेफ्टी एनओसी, आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर, चिकित्सकों की शैक्षणिक योग्यता, एचएफआर पंजीकरण सहित अन्य जरूरी दस्तावेज और व्यवस्थाएं शामिल हैं। सीईओ ने बताया कि नेशनल हेल्थ अथॉरिटी और स्टेट हेल्थ एजेंसी की ओर से ई-मेल, दूरभाष, संदेश, पत्राचार और वर्चुअल बैठकों के माध्यम से अस्पतालों को हर स्तर पर सहायता दी गई। इसका सकारात्मक परिणाम यह रहा कि अब तक 95 प्रतिशत से अधिक अस्पताल सफलतापूर्वक एचईएम 2.0 पोर्टल पर माइग्रेट हो चुके हैं। हालांकि, कुछ निजी अस्पतालों ने निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी नहीं की। योगी सरकार की ओर से उन्हें कई बार अवसर दिए गए, लेकिन इसके बावजूद करीब 200 निजी चिकित्सालयों ने मानकों के अनुरूप प्रक्रिया पूरी नहीं की। इनमें आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज, अमेठी, अमरोहा, आजमगढ़, बागपत, बांदा, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, बुलंदशहर, चंदौली, चित्रकूट, देवरिया, फर्रुखाबाद, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, हाथरस, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर नगर, कुशीनगर, ललितपुर, लखनऊ, मथुरा, मऊ, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, प्रतापगढ़, संतकबीरनगर, सुल्तानपुर, वाराणसी, शाहजहांपुर, जालौन, मिर्जापुर, अंबेडकरनगर, रामपुर और सोनभद्र सहित कई जिलों के अस्पताल शामिल हैं। सीएम योगी के निर्देश पर ऐसे अस्पतालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 100 अस्पतालों का भुगतान रोक दिया गया है, जबकि करीब 100 अन्य अस्पतालों को योजना से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को केवल मानक आधारित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं ही प्राप्त हों। बता दें कि योगी सरकार ने सभी सूचीबद्ध अस्पतालों को एनएबीएच गुणवत्ता प्रमाणन प्राप्त करने के लिए भी निर्देश जारी किए हैं। इसके साथ ही राज्य और जिला स्तर पर अस्पतालों की नियमित ऑडिट और मॉनिटरिंग भी कराई जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता को समय रहते रोका जा सके। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक के अधिकतम उपयोग पर भी विशेष जोर दे रही है। अस्पतालों में डिजिटल माध्यम से मरीजों के निस्तारण को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के लिए एबीडीएम सक्षम एचएमआईएस प्रणाली लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड (ईएचआर) प्रणाली को भी चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है। इससे मरीजों का स्वास्थ्य रिकॉर्ड डिजिटल रूप से सुरक्षित रहेगा और इलाज की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और तेज होगी। राज्य स्तर से अस्पतालों को पोर्टल संचालन और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है।

# यूपी में कुदरत का सुखद करिश्मा, महिला ने पांच दिन में चार बच्चों को दिया जन्म

( यंग भारत न्यूज )

**संभल।** प्रदेश के संभल जिले के असमोली क्षेत्र के गांव ओवरी में कुदरत का एक सुखद और दुर्लभ चमत्कार देखने को मिला है। एक 24 वर्षीय महिला ने अपनी पहली ही डिलीवरी में चार बच्चों को जन्म दिया है। इस घटना की सबसे खास और दुर्लभ बात यह है कि इन चारों बच्चों का जन्म एक ही दिन नहीं, बल्कि पांच दिन के अंतराल में हुआ है।



गांव ओवरी निवासी अलीम की शादी करीब दो वर्ष पहले अमीना (24) से हुई थी। शादी के बाद से ही परिवार अपनी पहली संतान का बेसब्री से इंतजार कर रहा था। लेकिन यह इंतजार इतना यादगार और सुखद होगा, इसकी कल्पना अलीम के परिवार या गांव वालों ने कभी नहीं की थी। जैसे ही गांव में एक साथ दो बेटों और दो बेटियों के आने की खबर फैली, अलीम के घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। अमीना को प्रसव पीड़ा होने पर 9 मई को मुरादाबाद स्थित टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया गया था। चिकित्सकीय दृष्टिकोण से यह मामला 'अत्यंत दुर्लभ' श्रेणी में आता है। 9 मई को अमीना ने पहले एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। इसके बाद डॉक्टरों ने पाया कि गर्भ में अभी और बच्चे हैं, लेकिन प्रसव की प्रक्रिया रुक गई। ठीक पांच दिन बाद, अमीना ने तीन और बच्चों को जन्म दिया, जिनमें एक बेटा और दो बेटियां शामिल हैं। आमतौर पर बहु-भ्रूण प्रसव में सभी बच्चों का जन्म कुछ ही मिनटों या घंटों के अंतराल पर हो जाता है, लेकिन यहां एक हफ्ते का फासला रहा, जो चिकित्सा विज्ञान में बहुत कम देखने को मिलता है। टीएमयू अस्पताल के विशेषज्ञों के लिए यह मामला किसी चुनौती से कम नहीं था। अस्पताल के डायरेक्टर अजय गर्ग, चीफ मैनेजर वैभव जैन और अनिल गुप्ता ने इसे टीमवर्क और आधुनिक चिकित्सा प्रबंधन की जीत बताया है। डॉक्टरों के अनुसार, ऐसे हाई-रिस्क मामलों में आमतौर पर 'सिजेरियन' का सहारा लिया जाता है, क्योंकि मां और बच्चों दोनों की जान को खतरा रहता है। लेकिन डॉक्टरों के समर्पण और अमीना के साहस से इन चारों बच्चों का जन्म नॉर्मल डिलीवरी के माध्यम से सफलतापूर्वक कराया गया। फिलहाल चारों नवजात बच्चों और उनकी मां को डॉक्टरों की विशेष निगरानी (नर्सरी) में रखा गया है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि चारों बच्चों का वजन और स्वास्थ्य स्थिर है। इलाके में इस घटना को 'ऊपर वाले की रहमत' माना जा रहा है। अलीम के घर में फिलहाल जश्न का माहौल है और लोग इन बच्चों को 'चमत्कारी' कह रहे हैं।

## सुर्खियां.............

### साइकिल और सिलाई मशीन पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** समारोह में पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक ने जरूरतमंद निर्धन पांच बच्चों को साइकिल एवं पांच महिलाओं को सिलाई मशीन अपने हाथों वितरित की। भारत विकास परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र निगम द्वारा इस वर्ष भी पांच साइकिलें नि:शुल्क रूप से प्रदान की गईं।

### दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के मुहल्ला आराजीलेन दोहर चौराहा निवासी विवाहिता मुस्कान उम्र 24 वर्ष द्वारा गत रोज पति से विवाद के बीच फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में दर्ज दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित मृतका के पति इकबाल उर्फ इकलाख को कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को एट तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में फरार चल रहे शेष आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी है।

### बुजुर्ग महिला ने आराजी पर कब्जा एवं उत्पीड़न की एसडीएम से शिकायत की

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** एक बुजुर्ग महिला ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जमीन पर अवैध कब्जे और उत्पीड़न की शिकायत कर दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार ग्राम मडैयन थाना नदीगांव परगना कोंच निवासी ज्ञानकुंवर ने आरोप लगाया कि उनकी मौजा डांग परौख स्थित आराजी संख्या 114, रकबा 0.0300 हेक्टेयर भूमि को दबंगई के बल पर जोत लिया गया है। ज्ञानकुंवर ने बताया कि उक्त जमीन उन्हें वसीयत के माध्यम से प्राप्त हुई थी और उसका दाखिल-खारिज भी उनके नाम पर हो चुका है।

# घूस तो हर शासनकाल में ली जाती रही, मगर राम के भक्तों के राज में जिला डूबा है भृष्टाचार में

## आम आदमी के सरकारी कामों से जुड़े दफ़्तरों में हो रही अंधाधुंध घूसखोरी के क्रम में तहसील में 10 हज़ार की घूस लेते कानूनगों और मुंशी गिरफ्तार

**›› पारदर्शिता, ज़ीरो टॉलरेंस और सबका साथ सबका विकास का नारा देकर प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा के राज में घूसखोरी इस कदर हावी है कि रिश्वत देते देते आम आदमी की कमर टूटी जा रही है**

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** जनपद की उरई तहसील में शुक्रवार को भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कानूनगो और उसके निजी मुंशी को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोगों ने टीम का विरोध कर कानूनी कार्रवाई में बाधा डालने का प्रयास भी किया।



मामला ग्राम रमपुरा थाना डकोर निवासी अनिल कुमार की शिकायत से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन को दी गई शिकायत में बताया था कि उसके पिता जवाहर सिंह के नाम गाटा संख्या-1334, कुल रकबा 1.036 हेक्टेयर कृषि भूमि की हदबंदी होनी थी। इसके लिए उसने उपजिलाधिकारी उरई के समक्ष प्रार्थना पत्र देकर वाद दायर किया था। हदबंदी की अग्रिम कार्रवाई के लिए संबंधित पत्रावली राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) संदीप कुमार तिवारी के पास पहुंची थी। आरोप है कि कानूनगो संदीप कुमार तिवारी ने भूमि की पैमाइश, मौका मुआयना और रिपोर्ट प्रेषित करने के नाम पर शिकायतकर्ता से 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायतकर्ता के अनुरोध पर आरोपी 10 हजार रुपये लेने पर तैयार हो गया। शिकायतकर्ता अपने वैध कार्य के लिए रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुष्टि होने के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन की ट्रैप टीम ने शुक्रवार 15 मई को जाल बिछाया। तय योजना के तहत शिकायतकर्ता आरोपी के पास पहुंचा और जैसे ही उसने 10 हजार रुपये दिए, टीम ने मौके पर छापा मार दिया। दोपहर करीब 1:25 बजे उरई तहसील परिसर स्थित कार्यालय से आरोपी कानूनगो संदीप कुमार तिवारी तथा उसके सहयोगी निजी मुंशी राजेंद्र प्रसाद उर्फ लंबरदार निवासी कोटरा को गिरफ्तार कर लिया गया। बरामदगी और अन्य कानूनी कार्रवाई के दौरान 20 से 25 लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और टीम का विरोध करने लगी। इस दौरान वीडियो बना रहे आरक्षी दयाशंकर का विरोध किया गया, जिससे उनके बाएं हाथ की मध्यमा उंगली प्रभावित हो गई। मामले में थाना ऐट में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। यह पूरी कार्रवाई निरीक्षक श्याम सिंह के नेतृत्व में भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी की 13 सदस्यीय टीम ने अंजाम दी।

**››सरकारी कारिंदे शासन और वरिष्ठ अधिकारियों से बेख़ौफ़ होकर लूट रहे हैं दोनो हाथों स्थानीय लेविल पर रिश्वत खोरों पर नही की जाती कोई कार्यवाही**

**››झाँसी से आए एन्टी करप्शन के दल में सदर (उरई) तहसील में जब 10 हजार की नकद रिश्वत ले रहा था कानूनगों तभी रंगे हांथो दबोच लिया एन्टी करप्शन ने**

# मजबूर किसानों पर तांडव कर रहा है भृष्ट अभियंता जादौन

## लंबे समय से जमा है जिले में, केवल धन की लूट उसका एक मात्र उद्देश्य

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन।** जनपद जालौन के लघु सिंचाई विभाग में तैनात सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह जादौन पर किसानों ने गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि विभाग में वर्षों से जमे कुछ अधिकारी सरकारी योजनाओं को किसानों के हित में संचालित करने के बजाय उन्हें कमाई का जरिया बना चुके हैं। आरोप है कि मानक विहीन बोरवेल निर्माण, रिपेयरिंग के नाम पर लाखों रुपये का भुगतान, अभिलेखों में हेराफेरी और किसानों को गुमराह कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों के कई किसानों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि विभाग द्वारा उनके खेतों में कराए गए बोरवेल कार्यों में भारी अनियमितताएं की गईं। किसानों का आरोप है कि कई स्थानों पर बोरवेल फेल हो गए, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अभिलेखों में कार्य पूर्ण दर्शाकर भुगतान निकाल लिया। जब किसानों ने शिकायत की तो उन्हें विभाग के चक्कर लगाने पड़े, जिसके बाद दोबारा कार्य कराया गया। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय कर्मचारी और ठेकेदार बिना पूरी जानकारी दिए उनसे कोरे कागजों पर हस्ताक्षर करा लेते हैं। बाद में उन्हीं दस्तावेजों का इस्तेमाल भुगतान प्रक्रिया में किया जाता है। किसानों का कहना है कि उन्हें न तो पाइप की गुणवत्ता की जानकारी दी जाती है और न ही ग्रेवल के मानकों के बारे में बताया जाता है। आरोप यह भी है कि किसानों को समरसेबल पंप भी विभाग से जुड़े लोगों की निजी फर्मों से खरीदने के लिए दबाव बनाया जाता है। इससे किसानों को बाजार से महंगे दाम पर उपकरण लेने पड़ते हैं, जबकि गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। सूत्रों का दावा है कि सहायक अभियंता सुरेंद्र सिंह जादौन लंबे समय से जिले में तैनात हैं और जिस भी जिले में उनकी पोस्टिंग रही है, वहां इसी प्रकार की शिकायतें सामने आती रही हैं। आरोप है कि विभाग में सेवानिवृत्त हो चुके कुछ अवर अभियंताओं को भी दोबारा बुलाकर रातों-रात कार्य कराए जाते हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। किसानों का कहना है कि सिंचाई जैसी महत्वपूर्ण योजना, जो खेती को मजबूत करने के लिए बनाई गई थी, अब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। इससे सबसे अधिक नुकसान छोटे और सीमांत किसानों को उठाना पड़ रहा है, जो पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। स्थानीय किसानों ने जिलाधिकारी और शासन स्तर पर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि पूरे प्रकरण की तकनीकी और वित्तीय जांच कराई जाए तो करोड़ों रुपये के घोटाले का खुलासा हो सकता है। फिलहाल विभागीय अधिकारियों की ओर से इन आरोपों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन किसानों के आरोपों ने लघु सिंचाई विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।




**अन्नदाताओं के रोने चिल्लाने के बाबजूद जंगी अभियंता के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही**

**जालौन लघु सिंचाई विभाग में भ्रष्टाचार के आरोपः सहायक अभियंता पर किसानों ने लगाए गंभीर आरोपः**

**मानक विहीन बोरवेल निर्माण, रिपेयरिंग के नाम पर लाखों के भुगतान और अभिलेखों में हेराफेरी के आरोप**

**किसानों का दावा–बोरवेल फेल होने के बाद भी निकाल लिया गया भुगतान, कोरे कागजों पर कराए गए हस्ताक्षर**

**लंबे समय से जिले में तैनात सहायक अभियंता किसानों को हड़काता है बुरी तरह, कहता है जाओ कहीं भी मेरी शिकायत करदो हर जगह है मेरी सेटिंग**

# हाइवे में वाहनों की तेज रफ्तार का सिलसिला नहीं थमा

## -बेकाबू वाहनों की चपेट में आकर 15 घंटे के अंदर अलग-अलग स्थानों में दो बेमौत मरे

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ( जालौन )** स्थानीय नगर के हाइवे रोड में अलग-अलग स्थानों 2 भीषण हादसों में दो लोगों की चली गयी। सड़क सड़क दुर्घटना में लगातार हो रही वृद्धि के कारण जनता में बेचैनी फैल गई है।




प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुरुवार की रात करीब साढ़े बजे अज्ञात वाहन ने कालपी नगर के हाइवे सड़क को पार कर रहे बुजुर्ग को कुचल दिया। जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दुर्घटना में मृतक 60 वर्षीय बाबू उर्फ इस्लामुद्दीन पुत्र इमाम बख्श जो कालपी के नई बस्ती (मोहल्ला निकासा) के निवासी थे।घटना की जानकारी मिलते ही 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जिसमें दुर्घटना को लेकर जनता में भारी रोष दिखा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसी क्रम में शुक्रवार को करीब 10 बजे जोल्हुपुर मोड़ व कालपी के बीच चौहान ढाबा के पास करनचंदपुर इटौरा लंल् कालपी निवासी तौहीद पुत्र इस्लाम अपनी मां फातिमा और 16 वर्षीय बहिन रोजी को लेकर पुखरायां जा रहा था। तभी पीछे से आए अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में से हड़कंप मच गया।राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एम्बुलेंस व 112 पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। टीम घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर शेख शहरयार व डॉक्टर आदर्श गौतम की टीम ने तत्काल इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान 16 वर्षीय रोजी ने दम तोड़ दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। वहीं गंभीर रूप से घायल मां फातिमा को प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। 24 घंटे के अंदर हुए सड़क हादसों में गई दो लोगों की जान से नगर के लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर भय बन गया है। लगातार हो रही सड़क दुर्घटना में मोटो का सिलसिला हम नहीं पा रहा है। जनहित में प्रशासन से मांग है कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध की जाए।

# बुज़ुर्ग महिला ने आराजी पर कब्जा एवं उत्पीड़न की एसडीएम से शिकायत की

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** एक बुजुर्ग महिला ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जमीन पर अवैध कब्जे और उत्पीड़न की शिकायत कर दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार ग्राम मडैयन थाना नदीगांव परगना कोंच निवासी ज्ञानकुंवर ने आरोप लगाया कि उनकी मौजा डांग परौख स्थित आराजी संख्या 114, रकबा 0.0300 हेक्टेयर भूमि को दबंगई के बल पर जोत लिया गया है। ज्ञानकुंवर ने बताया कि उक्त जमीन उन्हें वसीयत के माध्यम से प्राप्त हुई थी और उसका दाखिल-खारिज भी उनके नाम पर हो चुका है। वर्तमान खतौनी में भी उनका नाम दर्ज है। इसके बावजूद उनकी बहन के पति निवासी ग्राम कुंदरखा थाना कैलिया ने जबरन जमीन पर कब्जा कर उसे जोत-बखर दिया। पीड़िता का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी लड़ाई-झगड़े पर आमादा हो गया। उन्होंने बताया कि वह अधिकांश समय बाहर रहती हैं, जिसका फायदा उठाकर आरोपी उन्हें लगातार परेशान कर रहा है। शिकायती पत्र में ज्ञानकुंवर ने एसडीएम हेमंत पटेल से मांग की कि संबंधित थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए जाएं, ताकि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा सके। साथ ही उन्होंने अपनी भूमि पर शांतिपूर्ण कब्जा बनाए रखने और खेती-किसानी के कार्य में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न होने देने की गुहार लगाई है।

# किसानों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं को लेकर

## -राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** किसानों और मजदूरों की विभिन्न समस्याओं समेत पेट्रोल व डीजल के बढ़े हुए दामों के विरोध में अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा एवं भाकपा-माले ने संयुक्त रूप से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। जिसके माध्यम से समस्याओं के समाधान की मांग की गई है।



अखिल भारतीय खेत एवं ग्रामीण मजदूर सभा एवं भाकपा-माले पदाधिकारी कामरेड रामसिंह, फूल सिंह, संजय गौतम, शिवबालक बाथम, रमेशचंद्र टेलर, सुरेंद्र कुमार राधेश्याम आदि ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम रिंकू सिंह राही को सौपंकर बताया कि केंद्र सरकार ने बीबी रामजी योजना के माध्यम से ग्रामीण गरीबों के लिए न्यूनतम 100 दिन का रोजगार गारंटी को खत्म कर दिया है। ग्रामीण मजदूर जिनका जीवन अभी भी कृषि जनित मजदूरी पर आधारित है, उनके लिए मनरेगा को फिर से बहाल किया जाए और न्यूनतम 200 दिन काम व 600 रुपये दैनिक मजदूरी की गारंटी दी जाए। पहली अप्रैल से लागू चारों श्रम कोड को निरस्त किया जाए और श्रम संगठनों, विभिन्न श्रम अयोगों द्वारा किए गए संस्तुति के अनुसार अकुशल, कुशल व अति कुशल श्रमिकों के लिए तय वेतनमान न्यूनतम 34000 मासिक से 44000 मासिक तक किया जाए और काम के घंटे आठ किए जाएं। नोएडा व गाजियाबाद में मजदूरों द्वारा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर न्यूनतम वेतन की मांग किए जाने पर, प्रदेश सरकार द्वारा बड़ी तादाद में मजदूरों को जेल भेजा गया है। उनकी बिना शर्त रिहाई किया जाए और उनकी जायज मांगों को लागू किया जाए।

प्रदेश में बिजली का निजीकरण बंद किया जाए एवं स्मार्ट मीटर पूर्णत: हटाए जाएं। अन्य प्रदेशों की तरह यूपी में भी 300 यूनिट मुफ्त बिजली दी जाए। लोकतांत्रिक धरना प्रदर्शन को रोकने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा नेताओं को हाउस अरेस्ट किए जाने जैसी असंवैधानिक कार्यवाही पर रोक लगाई जाए। साथ ही मांग की गई कि पेट्रोल और डीजल के बढ़े हुए दामों को वापस लिया जाए।

# दहेज हत्या के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** नगर के मुहल्ला आराजीलेन दोहर चौराहा निवासी विवाहिता मुस्कान उम्र 24 वर्ष द्वारा गत रोज पति से विवाद के बीच फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने के मामले में दर्ज दहेज हत्या के मुकदमे में वांछित मृतका के पति इकबाल उर्फ इकलाख को कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को एट तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में फरार चल रहे शेष आरोपियों की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी है।

गौरतलब हो कि मृतका के मायके वालों ने बुधवार की शाम पोस्टमार्टम के उपरांत शव कोतवाली के बाहर लोडर में रखकर हंगामा काटा था। उक्त लोग ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े थे। काफी देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने जब मृतका के पति समेत ससुराल पक्ष के कुल 5 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था तब कहीं जाकर मायके पक्ष के लोग कोतवाली से शव ले गए थे और गुरुवार की सुबह शव का अंतिम संस्कार किया जा सका था। मृतका की मां सलमा बानो पत्नी चंदू निवासी मुहल्ला नारोभास्कर जालौन की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति इकबाल उर्फ इखलाख, ससुर नेकसाई, सास छोटीबाई, देवर गुड़के और अनीस के खिलाफ धारा 80(2), 85, 115(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

# अंतिम चरण में 39 सुपरवाइजरों को दिया गया जनगणना का प्रशिक्षण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय ( जालौन )** शुक्रवार को छूटे हुए 39 सुपरवाइजरों को जनगणना 2026 का प्रशिक्षण वर्तमान कार्यक्रम एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसमें जनगणना कार्यों को करीबी से जानकारियां देकर प्रशिक्षण दिया गया। तहसील कालपी के सभागार में नायब तहसीलदार चंद्रमोहन शुक्ला की मौजूदगी में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित भारत की जनगणना 2026 के अंतिम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं भवन गणना का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम ने अवगत कराया है कि जनगणना अधिनियम 1948 की धारा 5 एवं 11 के तहत सुपरवाइजरों को नियुक्त किया गया है। पूर्णत: डिजिटल जनगणना की व्यवस्था कराई गई है। नायाब



तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने बताया कि पिछले चरणों में किसी वजह से कुछ सुपरवाइजर की ट्रेनिंग छूट गई थी। जो सुपरवाइजर छूट गए थे छुटे हुए सुपरवाइजरों की जनगणना की ट्रेनिग अंतिम चरण में कराई गई है।

# अपराध समीक्षा बैठक कर सीओ ने सर्किल के थानाध्यक्षो को दिए निर्देश

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** कोतवाली में गुरुवार शाम सर्किल के थानाध्यक्षो के साथ सीओ ने अपराध समीक्षा बैठक की। इस दौरान बैठक की अध्यक्षता कर रहे सर्किल के क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने क्षेत्र के विभिन्न थानों और चौकियों के प्रभारी अधिकारियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा लंबित मामलों की समीक्षा की।बैठक में सीओ ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त बढ़ाने तथा जनता से बेहतर संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करना तथा अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है। इसके साथ ही लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण और वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।उन्होने कर पैदल गस्त कर बाजार में दुकानदारो से संबाद कर उनकी समस्याओ को सुने तथा उन्हे पूरा भरोसा दिलाए की पुलिस उनकी सुरक्षा में हमेशा तत्पर है।बैठक में प्रभारी निरीक्षक बृजेश बहादुर सिंह, शिव शंकर, शशिकांत चौहान, अवनीश पटेल, अभिषेक सिंह,अशोक वर्मा,सुमित पांडेय, शिवनारायण वर्मा, शुभम परमार सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। बैठक के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आगामी त्योहारो को लेकर भी चर्चा की गई।



# साइकिल और सिलाई मशीन पाकर खिले लाभार्थियों के चेहरे

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** समारोह में पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक ने जरूरतमंद निर्धन पांच बच्चों को साइकिल एवं पांच महिलाओं को सिलाई मशीन अपने हाथों वितरित की। भारत विकास परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष राजेंद्र निगम द्वारा इस वर्ष भी पांच साइकिलें नि:शुल्क रूप से प्रदान की गईं। वहीं नव मनोनीत अध्यक्ष रामबाबू निरंजन ने दो और डॉ. अनुज निरंजन, लोकेंद्र अग्रवाल, आशीर्वाद होटल के मालिक हिमांशु निरंजन ने एक-एक सिलाई मशीन प्रदान की। साइकिल प्राप्त करने वालों में शिवांगी रावत गांधीनगर, जयसिंह कुशवाहा गोखलेनगर, काजल ग्राम तूमरा, अनन्या सुभाषनगर, विशाखा गांधीनगर शामिल हैं, जबकि सिलाई मशीन प्राप्त करने वालों में सिमरन भगतसिंह नगर, नीतू सोनी सुभाषनगर, प्रीति ग्राम छिरिया, समा भगतसिंह नगर, संतोषी मालवीय नगर शामिल हैं।

# एसडीओ की मनमानी बिना कारण बताऐ काटी घरों की लाईन उपभोक्ता परेशान

## -उपभोक्ता का कहना हर महीने भरते बिल फिर भी काटी डोरी

## -एसडीओ अपनी भ्रष्ट कार्यशैली मे नही कर रहे बदलाव उपभोक्ताओं का करते है शोषण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई कार्यालय** न्याय पंचायत ईटो क्षेत्र के कस्बा मे विघुत विभाग के एसडीओ के द्वारा चैकिग की जा रही है 7यह भी कह सकते है कि एसडीओ निखिल जिन्दल के द्वारा विघुत चैकिग के नाम पर उपभोक्ताओं को ग्रामीणों को परेशान किया जा रहा है प्रताड़ित किया जा रहा है 7उपभोक्ताओं से अबैध तरीके से धन उगाही की व्यवस्था की जा रही है 7 एसडीओ के द्वारा जिस तरह उपभोक्ताओं को परेशान करके शोषण किया जा रहा है 7इससे ग्रामीण क्षेत्र की जनता और ग्रामीणों मे उपभोक्ताओं मे विघुत विभाग के खिलाफ आक्रोश पनपता जा रहा है 7 योगी सरकार मे भी भ्रष्ट अधिकारी अपनी कार्य शैली मे बदलाव नही कर पा रहा है 7 सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसडीओ पूर्व मे झासी मीटर एसडीओ के पद पर कार्यरत रहा है 7 वहां इसके ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे है 7 बहुत बडा भ्रष्टाचार किया है जांच का बिषय है 7 अभी वर्तमान मे एसडीओ निखिल जिन्दल कुठौन्द मे तैनात है7 लेकिन इसकी भ्रष्टाचारी नीति मे कोई भी बदलाव नही हुआ है 7उपभोक्ता हरिओम निवासी ईटो के द्वारा बताया गया है कि हमारा विघुत बिल जमा है हम हर महीने बिल भरते है 7 फिर हमारी लाईन एसडीओ ने कटवा दी है 7 एसडीओ ने लाईन मैन से कहकर हमारी डोरी खम्भे से कटवा दी 7 हमारे कारण पूछने पर कि हमारी लाईन क्यों कटवा दी7 तो एसडीओ ने कहा हमने कटवा दी हमारा मन है 7 विना कारण बताऐ दबंग स्टाईल मे एसडीओ लाईन कटवा कर चले गये 7 एसडीओ उपभोक्ताओं से पैसा ऐठने के लिए हर रोज नये नये पैतरे निकाल रहे है 7एसडीओ उपभोक्ताओं को मुकदमा लिखा देने की धमकी देकर डराते है धमकाते है 7 तानडव करते है 7और जेब भरने का काम करते है 7एसडीओ सरकार और सविधान के अनुसार नौकरी नही कर रहे है 7 अपनी मन मर्जी से नौकरी और कार्य कर रहे है 7 सरकार और विघुत विभाग की छबि को धूमिल करने का काम कर रहे 7 जिम्मेदार अधिकारियो को संज्ञान लेना चाहिए और भ्रष्ट और भ्रष्टाचार मे लिप्त एसडीओ की जांच कर कार्यवाही करना चाहिए 7 जिससे ग्रामीणों और उपभोक्ताओं का शोषण होने बच सके 7



# भारत विकास परिषद की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न





## -पुलिस आपकी मित्र है बगैर गलती के डरने की जरूरत नही

( यंग भारत न्यूज )

**कोंच** पुलिस महानिरीक्षक झांसी आकाश कुलहरि ने आज की नई पीढ़ी का आह्वान किया कि मोबाइल इंटरनेट जैसी टेक्नोलॉजी का हमेशा सदुपयोग करें न कि दुरुपयोग। उन्होंने कहा, उन्हें यह जानकर अत्यंत प्रसन्नता की अनुभूति हुई है कि कोंच नगर की विश्वविख्यात रामलीला लिम्का बुक ऑफ द वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, यह निश्चित रूप से यहां की पुरानी पीढ़ियों की देन है जो सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक सरोकारों से सहृदय जुड़े रहे। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में यहां की मेधावी प्रतिभाओं की तारीफ करते हुए कहा कि कोंच क्षेत्र शिक्षा के पायदान पर भी अव्वल है। यह बात उन्होंने भारत विकास परिषद के दायित्व ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही।भारत विकास परिषद शाखा कोंच की सत्र 2026-27 की नवगठित कार्यकारिणी का दायित्व ग्रहण समारोह सद्भाव मंडपम में पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी आकाश कुलहरि के मुख्य आतिथ्य और पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। भारत विकास परिषद के बुंदेलखंड प्रांत अध्यक्ष लखनलाल चंदैया ने कोंच शाखा के नव मनोनीत अध्यक्ष रामबाबू निरंजन, सचिव शैलेंद्र सर्राफ, कोषाध्यक्ष नरेंद्र द्विवेदी लल्लन भेंड़, उपाध्यक्ष भानु पटेल, संजय निरंजन, रामनरेश राठौर, मुकेश सोनी, ऑडीटर मुहम्मद वसीम सिद्दीकी, सह सचिव आशीष बजाज विजय रावत, राजेंद्र निगम, डॉ. आलोक निरंजन, अमरेंद्र दुवे, महिला संयोजिका अर्चना निरंजन को उनके दायित्व की शपथ दिलाई। इसके अलावा सदस्यों में तरुण निरंजन, नीरज सोनी, डॉ. अनुज निरंजन, डॉ. जितेंद्र चंदेरिया, करुणानिधि शुक्ला, हरीबाबू निरंजन, लोकेंद्र अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, नरेंद्र परिहार, प्रवीण तरसौलिया, संजय दतिया वाले, पंकज तिवारी, गौरव तिवारी, अनवर अंसारी, भास्कर दुवे, विवेक तिवारी, अखिलेश सुइयां, रवि गोयल, राघवेंद्र पटेल नेता, नरेश कुशवाहा, सौरभ अग्रवाल ने भी शपथ ली। पुलिस अधीक्षक ने भी नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र द्विवेदी ने किया। आभार संगठन के नव मनोनीत अध्यक्ष रामबाबू निरंजन ने व्यक्त किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद, प्रो. वीरेंद्र सिंह, विज्ञान सीरौठिया, अनिल वैद एड, डॉ. सरिता वर्मा, रजनी डेंगरे, कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, साकेत शांडिल्य, सपा अध्यक्ष अमित यादव, अंकुर यादव, कन्हैया नीखर, गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

# बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया

## नन्हे मुन्ने बच्चों की जान से खेल रहे हैं स्कूल संचालक

**-पुलिस और प्रशासन की कार्यवाही अपर्याप्त**

**-4 वाहनों के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की**

( यंग भारत न्यूज )




**उरई।** शुक्रवार को राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) जालौन द्वारा शहर के विभिन्न चौराहों पर मॉडिफाइड साइलेंसर/हूटर/प्रतिबंधित हॉर्न व बिना परमिट, बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस कार्यवाही के दौरान मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वाले दुपहिया वाहनों, विशेषकर बुलेट और स्पोर्ट्स बाइक्स में कंपनी मानकों के विपरीत 'आफ्टर-मार्केट' साइलेंसर लगे पाए गए ऐसे 04 वाहनों के विरुद्ध चालान/निरुद्ध की कार्यवाही की गई है।

साथ ही बिना फिटनेस, बिना परमिट स्कूली वाहनों की जाँच की गयी जिसमें 02 स्कूली वाहन को बिना परमिट के अभियोग में नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए पुलिस चैकी औद्योगिक क्षेत्र, उरई में चालान कर निरुद्ध किया गया। इसी प्रकार 01 अन्य स्लीपर बस को परमिट शर्तों के उल्लंघन में माल ढुलाई करते हुए पाई गयी जिस पर नियमानुसार प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए आटा मण्डी, कालपी रोड उरई में चालान कर निरुद्ध किया गया। प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान वाहन चालकों को जानकारी दी गई कि वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र या संशोधित साइलेंसर लगाना न केवल ध्वनि प्रदूषण फैलाता है, बल्कि यह सड़क पर अन्य चालकों का ध्यान भटकाकर दुर्घटनाओं को भी निमंत्रण देता है। विभाग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जो भी वाहन शोर संबंधी मानकों का उल्लंघन करेगा, उसके विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। परिवहन विभाग, जनपद जालौन आम जनता से अपील करता है कि वाहन खरीदते समय मिले अधिकृत साइलेंसर का ही उपयोग करें। वायु और ध्वनि प्रदूषण मुक्त शहर बनाने में विभाग का सहयोग करें। साथ ही विद्यालय संचालकों व विद्यालय के प्रबन्धक/प्रधानाचार्य से भी अपील है स्कूली वाहन के समस्त वैध प्रपत्रों के साथ ही वाहन का संचालन करें।

# सुरेन्द्र मौखरी की स्मृति में विवाह समारोह 17 मई को

## ग्यारहवां सर्व समाज का सामूहिक कन्या विवाह

**- स्थान-विजय विक्रम पेट्रोल पम्प राठरोड़ उरई**

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** श्रृद्धेय सुरेन्द्र मौखरी की स्मृति में सर्व समाज सामूहिक कन्या विवाह समारोह 17 मई दिन रविवार को शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। उक्त बात की जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक अनूप सिंह रिंकू मौखरी जिला पंचायत क्षेत्र ऐर ने बताया कि विवाह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेंद्र यादव सांसद आजमगढ़ मौजूद रहेंगे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राजाराम पाल पूर्व सांसद जबकि संरक्षक के रूप में पुष्पेन्द्र यादव ममना पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हमीरपुर भी मौजूद रहेंगे। जबकि स्वागतकर्ता में भूपेन्द्र सिंह (टिंकू मौखरी), रामजी यादव (लला मौखरी) के अलावा विजय विक्रम परिवार मौखरी की ओर से रामसहोदर यादव एडवोकेट, डा. कृष्ण कुमार द्विवेदी, रामकृपाल यादव, मंगल सिंह यादव पप्पू भईया, अरविंद सिंह लल्ला, भगवान सिंह यादव, चंद्रशेखर सिंह यादव, पदमसिंह यादव, चरनसिंह यादव, सतेन्द्र सिंह यादव, भारत सिंह पठा, रंजीत सिंह बल्दाऊ, वीरू यादव मौखरी, धीरेन्द्र सिंह लालू, नरेंद्र यादव रजिस्टरी आफिस, धर्मेंद्र सिंह लल्ला, दीपक यादव लेखपाल, विकास यादव विक्की, श्याम जी यादव,रामजी यादव ( मौखरी), प्रवीण सिंह सनी मौखरी, शिवा यादव मौखरी, उदय प्रताप मौखरी, दीपक यादव मौखरी, रिंकू यादव चंद्रनगर, देवेन्द्र यादव कहटा, कपिल यादव छोटू, अनुज यादव दाऊ, मोहित यादव भईया जी, सौरभ (छोटू यादव), बैकुंठ सिंह यादव पठा, इंद्रपाल सिंह यादव उदयपुरा म.प्र., शेर सिंह मुरलिया वाले, राजेश यादव पठा, ओम यादव, इंजीनियर राम यादव, अंश (कृष्णा यादव), सूर्याश यादव (रूद्र), देवांश यादव (किट्टू दादा) आदि का विवाह कार्यक्रम में सहयोग रहेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से मशहूर शायर एवं कवि शफीकुर्रहमान कश्फी, कल्लन पाल, छुन्ना पाल, भगवत सिंह यादव, देवेन्द्र सिंह, राहुल पिरौना, निर्दोश राजपूत, पवन पटेल, सुनील पाल, कांशीराम यादव, लल्ला यादव शामिल रहेंगे।

# भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महाअभियान का वर्ग सम्पन्न हुआ

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण महा अभियान का प्रशिक्षण वर्ग जयसवाल क्लासिक गेस्ट हाउस उरई में किया प्रशिक्षण के प्रथम सत्र के वक्ता भाजपा प्रदेश महामंत्री विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता रहे उन्होंने कार्य पद्धति' विषय पर मार्गदर्शन प्रदान करते हुए संगठन की रीति-नीति, कार्यकर्ता के दायित्व एवं राष्ट्रहित में समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा दी।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति एवं राष्ट्रसेवा के संकल्प का आधार है। प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के वैचारिक एवं संगठनात्मक विकास का सशक्त माध्यम है, जो संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है प्रशिक्षण वर्ग 11सत्रों में कराया जाएगा जिसमे प्रत्येक सत्र के अलग अलग वक्ता रहेंगे पंचम सत्र में मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा एवं राज्य सभा सांसद गीता शाक्य रही उन्होंने सरकार की उपलब्धियां की विस्तृत जानकारी दी इस अवसर पर वर्ग प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील पाठक , उरई सदर विधायक गौरी शंकर, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनिल यादव क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय सहित समस्त पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्षगण एवं ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने मेडिकल कॉलेज के सामने प्रदर्शनी का फीता काटकर किया शुभारंभ

## शहर की जनता के आकर्षण का केंद्र बनी प्रदर्शनी



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** शहर के कालपी रोड़ स्थित मेडीकल कालेज के ठीक सामने लगी प्रदर्शनी का बीती शाम भाजपा के सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने पहुंच कर पूजा-अर्चना के साथ फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। प्रर्दशनी शुभारंभ के बाद गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां शहरवासियों के मनोरंजन का बेहतर साधन हैं। यहां परिवार के साथ आकर लोग कुछ पल सुकून के बिता सकते हैं। उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए।

इस मौके प्रर्दशनी आयोजक नहीम भाई ने बताया कि प्रदर्शनी में बच्चों और बड़ों के मनोरंजन के लिए कई प्रकार के आकर्षक झूले लगाए गए हैं। विशाल झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन, टोरा-टोरा और बच्चों के लिए मिनी झूले मुख्य आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में खान-पान के स्टॉल, खिलौने और घरेलू सामान की दुकानें भी लगाई गई हैं। शाम होते ही प्रदर्शनी में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आयोजकों के अनुसार प्रदर्शनी अगले एक माह तक निरंतर चलती रहेगी। प्रर्दशनी उद्घाटन के मौके पर प्रर्दशनी के अन्य संयोजक भी मौजूद रहे।

# अकोढ़ी कोठी पर यात्री प्रतीक्षालय न होने से स्कूली बच्चों समेत ग्रामीण भीषण गर्मी से बुरी तरह बेहाल, धूप-बारिश में सड़क किनारे इंतजार को मजबूर

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** जालौन-उरई रोड स्थित अकोढ़ी कोठी पर यात्री प्रतीक्षालय न होने से रोजाना सफर करने वाले स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में जहां बच्चे तपती धूप में सड़क किनारे खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं, वहीं बारिश के दौरान उन्हें खुले आसमान के नीचे भीगते हुए सफर करना पड़ता है। स्थानीय लोगों में प्रशासन की अनदेखी को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। अकोढ़ी कोठी क्षेत्र का एक प्रमुख यातायात केंद्र है, जहां से हरकौती, गायर, खर्रा समेत कई गांवों के छात्र-छात्राएं प्रतिदिन स्कूल और कॉलेज जाने के लिए बसों का इंतजार करते हैं। लेकिन यहां यात्रियों के लिए न तो कोई प्रतीक्षालय है और न ही टीनशेड जैसी अस्थायी व्यवस्था। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चे तेज धूप, लू और बारिश के बीच सड़क किनारे खड़े रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार स्कूली बच्चे घंटों बस का इंतजार करते हैं। गर्मी में चिलचिलाती धूप के कारण बच्चों की तबीयत बिगड़ने का खतरा बना रहता है, जबकि बरसात में भीगकर स्कूल पहुंचने से उन्हें बीमारी का डर सताता है। महिलाओं और बुजुर्गों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही होने के बावजूद अब तक किसी जनप्रतिनिधि या प्रशासनिक अधिकारी ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई। वर्षों से ग्रामीण यात्री प्रतीक्षालय बनवाने की मांग कर रहे हैं, लेकिन आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से अकोढ़ी कोठी पर जल्द से जल्द यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कराने की मांग की है, ताकि स्कूली बच्चों समेत आम यात्रियों को राहत मिल सके।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली, पुलिसकर्मियों को दौड़ लगवाकर दिलाया फिटनेस मंत्र

( यंग भारत न्यूज )





**उरई ( जालौन )।** पुलिस लाइन उरई में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक जालौन ने परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ भी लगवाई। एसपी ने कहा कि फिट पुलिसकर्मी ही बेहतर कानून-व्यवस्था सुनिश्चित कर सकते हैं।परेड के उपरांत एसपी ने कैंटीन, यूपी-112, परिवहन शाखा, क्वार्टर गार्ड, बैरक व मेस सहित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया। साफ-सफाई, व्यवस्थाओं और उपलब्ध संसाधनों का जायजा लेते हुए उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।उन्होंने पुलिस लाइन का विस्तृत भ्रमण कर सभी व्यवस्था दुरुस्त रखने पर जोर दिया। इसके बाद एसपी ने पुलिसकर्मियों का अर्दली रूम किया और उनके कार्य, व्यवहार एवं अनुशासन से संबंधित आवश्यक निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि पुलिस बल की चौकसी, फिटनेस और अनुशासन कानून-व्यवस्था का आधार हैं और सभी कर्मियों को अपने दायित्व का पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करना चाहिए।

# सिटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चलाया गया अतिक्रमण हटाओ अभियान

## शहीद भगतसिंह चौराहा से दलगंजन सिंह चौराहा तक हटा अतिक्रमण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं आमजन को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अम्बेडकर चौराहे से शहीद भगत सिंह चौराहे तक तथा शहीद भगत सिंह चौराहे से दलगंजन चौराहे तक सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवाया गया। प्रशासनिक टीम ने दुकानों के बाहर रखे सामान, अस्थायी कब्जों एवं सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटाकर मार्ग को खाली कराया।इस दौरान सड़क एवं मुख्य मार्गों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गई। नगर मजिस्ट्रेट के निर्देश पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों का चालान काटा गया। नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के लिए अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद उरई रामअचल कुरील, टीआई वीर बहादुर सिंह मौजूद रहे।

# नवागन्तुक विश्व हिंदू रक्षा परिषद प्रदेश प्रभारी का किया गया भव्य स्वागत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** ब्रजेन्द्र कुशवाहा पहलवान झाँसी को विश्व हिंदू रक्षा दल ने प्रदेश प्रभारी बनाया है जिनका आज स्वागत जनपद आगमन किया गया लखनऊ से चलकर झांसी जाने के बीच मे उरई गोविन्दम चौराहा कानपुर झांसी हाइवे पर धर्मेंद्र कुशवाहा वरहा जिलाध्यक्ष प्रधान संघ ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ पहुँचकर 51 किलो की माला पहनाई और उनका भव्य स्वागत किया और बताया कि यह विश्व हिंदू रक्षा परिषद संगठन देश का वादा संगठन है जिसमें सभी हिंदुओं को जोड़कर देश हिंदुत्व घोषित किया सके साथ ही धर्मेंद्र कुशवाहा वरहा ने बताया कि हम विश्व हिंदू रक्षा परिषद संगठन के ऋणी हैं जो उन्होंने हमारे समाज को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है इस मौके पर अनिल कुदारी जिलाध्यक्ष अपना दल (एस),रोहित राठौर बरिष्ट नेता अपना दल एस ,कृष्ण कुशवाहा एट,जय किशन एट, नरेंद्र कुशवाहा छिरिया, शिवम, लेखपाल, अंशुल राजा बाबू बरहा, सतीश पाल,राजवीर पाल, राजनरायन, श्याम किशोर,एड. लोकेंद्र कुशवाहा, छोटू प्रधान धनतौली, राजू, ज्ञान चंद्र,आदित्य कुशवाहा छौना, गिर्राज सहित अन्य उपस्थित रहे।।

# डा. बृजेश जाटव को तीसरी बार मिली बसपा में जिले की कमान

## अतरसिंह पाल को जिलाध्यक्ष के पद से किया गया रुकसत

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने जनपद जालौन में फेल बदल करते हुए तीसरी बार जनपद जालौन की कमान डा. बृजेश जाटव के हाथों सौंपी गयी जबकि जिला पंचायत सदस्य एवं बसपा जिलाध्यक्ष अतरसिंह पाल को पद से रुकसत कर दिया गया है।इसी क्रम में अभी कुछ माह पहले सपा छोड़कर बसपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले बृजभूषण कुशवाहा को मुख्य झांसी मंडल प्रभारी बनाया गया है।डा. बृजेश जाटव ने तीसरी बार बसपा जिलाध्यक्ष की कमान संभालते ही आज शुक्रवार को शहर के अम्बेडकर चौराहा स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पहुंच कर अपने चंद समर्थकों के साथ माल्यार्पण किया।

# जिले में मार्ग दुर्घटनाओं का तांता लगा कुछ मारे कई घायल

## डीएम एसपी पहुंचे मौके पर

### - तेज रफ्तार निजी बस कोंच रोड पर पलट गई, बस में भरे यात्रियों में मच गया हाहाकार, महिला की मौत, 19 घायल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** जनपद में शुक्रवार शाम एक भीषण सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। कोंच से उरई की ओर जा रही एक तेज रफ्तार प्राइवेट बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। हादसे में एक महिला यात्री की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि करीब 18 यात्री घायल हो गए। इनमें तीन यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि बस पलटते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। कई यात्री सीटों के बीच फंस गए और घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे के बाद चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए, जिससे यात्रियों में आक्रोश भी देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक श्री राम श्याम ट्रेवल्स की प्राइवेट बस कोंच से उरई की ओर जा रही थी। जैसे ही बस एट कोतवाली क्षेत्र के उरई रोड स्थित हरदोई गुर्जर गांव के पास पहुंची, चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बस सड़क किनारे खंती में जा पलटी। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण सबसे पहले मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाई। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एट थाना पुलिस, फायर ब्रिगेड और करीब 10 एंबुलेंस मौके पर पहुंचीं। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। डीएम राजेश कुमार पांडेय, एसपी विनय कुमार सिंह,





उरई एसडीएम ज्योति सिंह, कोंच उप जिलाधिकारी हेमंत पटेल सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार, लापरवाही अथवा तकनीकी खराबी को हादसे का कारण माना जा रहा है। फरार चालक और परिचालक की तलाश जारी है। महिला यात्री की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है, वहीं घायल यात्रियों के परिजन जिला अस्पताल में डटे हुए हैं। इस दर्दनाक हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और तेज रफ्तार वाहनों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



# टिकट चयन में छोटी सी चूक बिगाड़ सकती है माधौगढ़ का चुनावी समीकरण




### -ब्राह्मण, ठाकुर और पिछड़ा वोट बैंक पर सभी दलों की नजर, 2027 का महासंग्राम हुआ दिलचस्प

उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर राजनीतिक दलों ने अभी से अपनी रणनीतियां तेज कर दी हैं। बुंदेलखंड की महत्वपूर्ण और चर्चित सीटों में शामिल 219 माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भी चुनावी सरगर्मियां लगातार बढ़ती दिखाई दे रही हैं। क्षेत्र में संभावित प्रत्याशियों की सक्रियता, सोशल मीडिया पर बढ़ती राजनीतिक चर्चाएं और लगातार हो रहे जनसंपर्क कार्यक्रमों ने चुनावी माहौल को अभी से गर्म कर दिया है।

माधौगढ़ विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक और जातीय समीकरण हमेशा से चुनावी राजनीति का सबसे अहम आधार रहे हैं। यहां ठाकुर, ब्राह्मण, पिछड़ा वर्ग और दलित मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते आए हैं। यही कारण है कि सभी राजनीतिक दल टिकट चयन में जातीय संतुलन, स्थानीय प्रभाव और संगठनात्मक मजबूती को सबसे अधिक महत्व दे रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि इस बार टिकट चयन में छोटी सी चूक भी पूरे चुनावी समीकरण को बदल सकती है।

बहुजन समाज पार्टी ने सबसे पहले चुनावी रणनीति के तहत ब्राह्मण चेहरे के रूप में आशीष पांडे कुरौली को आगे बढ़ाया है। बसपा का यह फैसला राजनीतिक रूप से एक सोची-समझी रणनीति माना जा रहा है। माना जा रहा है कि पार्टी ब्राह्मण मतदाताओं को साधने के साथ-साथ सर्वसमाज में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। क्षेत्र में बसपा की बढ़ती सक्रियता ने अन्य दलों की चिंताएं भी बढ़ा दी हैं। बसपा के इस कदम के बाद समाजवादी पार्टी के भीतर भी ब्राह्मण चेहरे को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। खासतौर पर हरिओम उपाध्याय का नाम तेजी से राजनीतिक चर्चाओं में उभरा है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा है कि समाजवादी पार्टी भी जातीय समीकरणों को साधने के लिए ब्राह्मण प्रत्याशी पर दांव लगा सकती है। हालांकि पार्टी में राघवेन्द्र भदौरिया भी मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं और लगातार क्षेत्र में सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में समाजवादी पार्टी के भीतर टिकट की दौड़ काफी दिलचस्प बन चुकी है। वहीं भारतीय जनता पार्टी में भी संभावित प्रत्याशियों को लेकर चर्चाएं तेज हैं। क्षेत्र में मूलचंद्र सिंह निरंजन और अजीत सिंह सेंगर दोनों के नाम प्रमुखता से सामने आ रहे हैं। भाजपा संगठन स्थानीय समीकरणों, पार्टी कार्यकर्ताओं की राय और जीत की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार कर रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा इस सीट पर बेहद सोच-समझकर फैसला लेने की तैयारी में है। अपना दल (एस) से ओंकार सिंह 'विक्की भैया' भी लगातार सक्रिय नजर आ रहे हैं। सामाजिक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और स्थानीय मुद्दों पर सक्रियता के चलते उनका नाम भी चुनावी चर्चाओं में तेजी से उभर रहा है। खासतौर पर युवाओं और स्थानीय समर्थकों के बीच उनकी पकड़ को लेकर चर्चाएं हो रही हैं।

# विकास खंड माधौगढ़ के ग्राम पंचायत कासिमपुर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त!

### -चोक नाले, बजबजाती गलियां और जलभराव से संक्रमण का खतरा बढ़ा।

( यंग भारत न्यूज )

उरई कार्यालय। जालौन,विकासखंड माधौगढ़ के ग्राम पंचायत कासिमपुर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त फॉगिंग व दवा छिड़काव बंद होने से मच्छरों का प्रकोप तेज। मेन रोड से अंजनी के दरवाजे तक नाग देवता स्थान से मेन रोड तक पप्पू पाराशर के घर से मेन रोड तक हरगोविंद के घर से मजीठ रोड तक समेत कई गलियों में गंदगी पर लोगों में भारी नाराजगी। ग्राम पंचायत कासिमपुर में ग्रामीणों दीपक तिवारी धर्मेंद्र तिवारी छैंया महाराज अंजनी कुमार ने सफाई व्यवस्था को लेकर प्रधान सचिव एवं विकासखंड अधिकारी पर लगाए गंभीर आरोप ग्रामीणों का कहना है की ग्राम पंचायत में जन चौपाल कभी नहीं लगाई जाती है लगाई भी जाती होगी तो केवल और केवल कागजों में खाना पूर्ति 1 माह पहले विकासखंड अधिकारी गौशाला चेक



करने आए थे तो उन्होंने सफाई कर्मचारियों को रोस्टर लगवा कर गौशाला का जो रास्ता है उसकी सफाई करवा दी गयी थी लेकिन विकासखंड अधिकारी ने गांव की गलियां के लिए कभी भी रोस्टर नहीं लगवाया ताकि गांव की गलियों की साफ सफाई हो सके गौशाला के रास्ते को इसलिए साफ सफाई करवा दी गई थी क्योंकि कभी डीएम साहब का औचक निरीक्षण करने के लिए ना आ जाए ग्राम वासियों का कहना है कि आपके चैनल के माध्यम से अगर सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से ठीक हो जाती है तो ठीक है नहीं फिर हम लोग डीएम साहब से जाक

# हाईवे हादसे में बुजुर्ग की दर्दनाक मौत, ट्रक चालक फरार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जिले के कालपी कोतवाली क्षेत्र में झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे पर गुरुवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। हादसा दरगाह के पास उस समय हुआ, जब बुजुर्ग सड़क पार कर अपने घर लौट रहे थे। तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया।

मृतक की पहचान कालपी के निकासी मोहल्ला निवासी बाबू (65) के रूप में हुई है। बताया गया है कि वह देर रात सब्जी की दुकान से अपने घर वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह दरगाह के पास हाईवे पार करने लगे, तभी तेज गति से आ रहे ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाबू ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार परिवार को मारी टक्कर, किशोरी की मौत, मां-बेटा घायल

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** झांसी-कानपुर नेशनल हाईवे-27 पर शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 16 वर्षीय किशोरी की मौत हो गई, जबकि उसकी मां और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।



जानकारी के अनुसार कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम करमचंद इटौरा निवासी एक युवक अपनी मां और 16 वर्षीय बहन रोजी को बाइक से लेकर पुखरायां जा रहा था। सुबह के समय परिवार हाईवे से होकर अपने गंतव्य की ओर बढ़ रहा था। तभी जोल्हूपुर और कालपी के बीच स्थित चौहान ढाबा के पास पीछे से तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने किशोरी रोजी को बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन गंभीर चोटों के कारण उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बेटी की मौत की खबर सुनते ही घायल मां बेसुध हो गई, वहीं भाई बहन को आखिरी बार देखकर फूट-फूट कर रो पड़ा। अस्पताल में मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो उठीं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात ट्रक की तलाश शुरू कर दी है।

# जिला प्रशासन ने 3 को किया जिला बदर

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ।** पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शातिर अपराधियों पर जिला बदर एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक/अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशों के क्रम में की गई। पुलिस के अनुसार संबंधित अभियुक्तों के विरुद्ध जनपद के विभिन्न थानों में चोरी, लूट, बलवा, गुंडा एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर 30 अप्रैल 2026 से छह माह की अवधि के लिए उन्हें जिला बदर एवं प्रतिबंधित किया गया है। जिला बदर अवधि के दौरान संबंधित अभियुक्त बिना अनुमति जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे तथा उन्हें किसी भी प्रकार के अवैध हथियार अथवा आपत्तिजनक सामग्री रखने पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर उनके विरुद्ध गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 की धारा 10 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित अवधि में अभियुक्तों को प्रत्येक माह की 1 से 15 तारीख के बीच संबंधित थाने में उपस्थिति दर्ज करानी होगी, जिससे उनकी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। जिला बदर किए गए अभियुक्तों में जीतू कोरी पुत्र पुत्तूलाल कोरी निवासी ग्राम अकबरपुर थाना माधौगढ़ तथा श्याम पुत्र बसोरी निवासी मुहल्ला देवीदयाल कस्बा व थाना जालौन शामिल हैं। वहीं प्रतिबंधित अभियुक्तों में रिजवान उर्फ रूस्तम उर्फ पप्पीवाला पुत्र बुजकिशोर निवासी ग्राम चुर्खी थाना चुर्खी का नाम शामिल है। पुलिस की इस कार्रवाई को जनपद में कानून व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों में भय का माहौल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# कुरसेंडा में जन चौपाल का आयोजन, ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने रखीं समस्याएं

( यंग भारत न्यूज )

**माधौगढ़** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कुरसेंडा में ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान एवं शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष खुलकर रखीं। जन चौपाल के दौरान गांव में विकास कार्यों, आवास योजना, पेंशन एवं मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।



चौपाल में ग्राम प्रधान कमलेश कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का सर्वे कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों का नाम पात्रता सूची में शामिल किया गया है, उन्हें जल्द ही शासन की ओर से आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम छूट गया हो तो वह संबंधित अधिकारियों को जानकारी दें, ताकि उसका सत्यापन कराया जा सके। ग्रामीण रामकुमार सिंह सेंगर ने गांव में नाला के पास पुलिया न होने की गंभीर समस्या अधिकारियों के सामने रखी। उन्होंने बताया कि बरसात के मौसम में नाले में पानी भर जाने से गांव के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है, वहीं किसानों और बुजुर्गों को भी आवागमन में कठिनाई होती है। कई बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने मांग की कि जल्द से जल्द वहां पुलिया का निर्माण कराया जाए। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण कर समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसी दौरान सावित्री देवी ने वृद्धावस्था पेंशन न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पात्र होने के बावजूद अभी तक उन्हें पेंशन योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। इस पर अधिकारियों ने संबंधित अभिलेखों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया तथा कहा कि पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाना शासन की प्राथमिकता है। जन चौपाल में खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा, एडीओ पंचायत शिवसागर अवस्थी, सचिव सुमित यादव, ग्राम प्रधान कमलेश कुमार, पंचायत मित्र देवेंद्र सिंह, पंचायत सहायक मुकेश कुमार एवं सफाई कर्मचारी अखिलेश बाबू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि गांव के विकास एवं लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जन चौपाल के माध्यम से लोगों को अपनी बात सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिला, जिससे ग्रामीणों में संतोष दिखाई दिया।

# स्कूटी की टक्कर के बाद दो पक्षों में खूनी संघर्ष, महिलाओं समेत कई घायल

( यंग भारत न्यूज )



**उरई।** जालौन के कदौरा कस्बे में शुक्रवार दोपहर एक मामूली सड़क हादसा देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गया। स्कूटी की टक्कर के बाद दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें महिलाओं समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

घटना कस्बे के अंबेडकर नगर मोहल्ले की है। बताया गया कि मोहल्ला निवासी निशा पुत्री कैलाश सड़क पर टहल रही थीं, तभी सिद्धार्थ नगर निवासी आशिक पुत्र राजेश की स्कूटी से उन्हें टक्कर लग गई। हादसे में निशा घायल होकर सड़क पर गिर पड़ीं। निशा के घायल होने की सूचना मिलते ही उनके परिजन मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान आशिक पक्ष के लोगों के आने पर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। दोनों ओर से लाठी-डंडे और हाथापाई होने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को शांत कराया। पुलिस ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। संघर्ष में एक पक्ष से आशिक, सुधा और रिचा घायल हुए हैं, जबकि दूसरे पक्ष से निशा और अर्चना को चोटें आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रतीक यादव ने मरने से पहले बेटियों के नाम की पूरी संपत्ति! अपर्णा यादव का जिक्र तक नहीं, क्यों लिया ऐसा फैसला?

**( यंग भारत न्यूज )**

प्रतीक यादव के निधन के बाद यादव परिवार से जुड़ी एक बड़ी और चौंकाने वाली चर्चा हो रही है. इसमें कहा जा रहा है कि प्रतीक यादव ने अपनी पूरी संपत्ति को लेकर पहले ही एक वसीयत तैयार करवा ली थी, जिसमें सारी संपत्ति अपनी दोनों बेटियों के नाम कर दी गई है.



सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह बताई जा रही है कि इस कथित वसीयत में उनकी पत्नी अपर्णा यादव के नाम किसी भी तरह की संपत्ति का जिक्र नहीं किया गया है. यही वजह है कि इस खबर ने राजनीतिक गलियारों से लेकर सोशल मीडिया तक नई बहस छेड़ दी है. लोग यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या परिस्थितियां बनीं कि प्रतीक यादव ने इतना बड़ा फैसला लिया. खास बात यह भी है कि इस कथित वसीयत में बेटियों की उम्र को लेकर भी शर्तें रखी गई हैं, जिनके तहत एक निश्चित उम्र के बाद ही संपत्ति बेचने या उसके पूरे अधिकार मिलने की बात कही गई है. सूत्रों के मुताबिक, प्रतीक यादव की वसीयत में साफ रूप से लिखा गया है कि प्रतीक यादव की संपत्ति उनकी दोनों बेटियों को ही मिलेगी. इतना ही नहीं, इसमें एक महत्वपूर्ण शर्त भी रखी गई बताई जा रही है. दावा है कि बड़ी बेटी को 25 से 27 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद ही संपत्ति बेचने या अपने हिसाब से इस्तेमाल करने का अधिकार मिलेगा. तब तक संपत्ति का इस्?तेमाल तो किया जा सकेगा, लेकिन उसे बेचा नहीं जा सकेगा.

सोशल मीडिया तक चर्चाओं का दौर तेज

इस कथित वसीयत की खबर सामने आने के बाद राजनीतिक गलियारों से लेकर सोशल मीडिया तक चर्चाओं का दौर तेज हो गया है. सबसे बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि आखिर प्रतीक यादव ने यह वसीयत पहले से क्यों तैयार करवाई थी? क्या उन्हें किसी अनहोनी की आशंका थी या फिर इसके पीछे पारिवारिक परिस्थितियां जिम्मेदार थीं? फिलहाल इन सवालों का कोई आधिकारिक जवाब सामने नहीं आया है, लेकिन चर्चाएं लगातार जारी हैं. दरअसल, इसी साल की शुरुआत में प्रतीक यादव और अपर्णा यादव के रिश्तों को लेकर भी कई चर्चाएं सामने आई थीं. सोशल मीडिया पर प्रतीक यादव की ओर से कुछ ऐसी टिप्पणियां की गई थीं, जिनके बाद दोनों के बीच मतभेद की अटकलें तेज हो गई थीं. यहां तक कि एक पोस्ट में अपर्णा यादव को 'फैमिली डेस्ट्रॉयर' तक कहा गया था. इसके बाद सोशल मीडिया और राजनीतिक हलकों में तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिली थीं. हालांकि बाद में जनवरी के अंतिम दिनों में प्रतीक यादव ने एक वीडियो जारी कर यह कहा था कि दोनों के बीच कुछ कहासुनी जरूर हुई थी, लेकिन अब सब कुछ सामान्य है. इस बयान के बाद लोगों ने राहत जरूर महसूस की, लेकिन सूत्रों का दावा है कि अंदरूनी तौर पर हालात पूरी तरह सामान्य नहीं थे. अब जब कथित वसीयत की बातें सामने आ रही हैं, तो इसे उसी विवाद से जोड़कर भी देखा जा रहा है. लोग यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ऐसी क्या परिस्थितियां बनीं कि प्रतीक यादव ने अपनी पूरी संपत्ति बेटियों के नाम कर दी और पत्नी अपर्णा यादव का जिक्र तक नहीं किया. हालांकि इस पूरे मामले में अभी तक परिवार की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है और न ही वसीयत को लेकर सार्वजनिक रूप से कोई पुष्टि हुई है. लेकिन सूत्रों के हवाले से सामने आई इस जानकारी ने यादव परिवार और उत्तर प्रदेश की राजनीति में नई चर्चाओं को जरूर जन्म दे दिया है.

# नागपुरः चाइल्ड हेल्पलाइन की तत्परता से रुका 15 वर्षीय किशोरी का बाल विवाह, परिजनों को समझाइश के बाद टला विवाह

**( यंग भारत न्यूज )**

नागपुर शहर प्रशासन ने बाल विवाह जैसी गंभीर सामाजिक समस्या के खिलाफ एक बार फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए 15 वर्षीय किशोरी का विवाह रोकने में सफलता हासिल की है। विवाह होने से पहले ही बाल संरक्षण की टीम ने छापा मारा और विवाह रोक दिया। यह महत्वपूर्ण कार्रवाई चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई। शिकायतकर्ता द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संबंधित किशोरी गोंदिया जिले की निवासी है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी मुश्ताक पठान को सूचना मिली थी कि नागपुर जिले के वडधामना के 24 वर्षीय युवक से उसका विवाह तय किया जा रहा है।



मामले की गंभीरता को देखते हुए, चाइल्ड हेल्पलाइन, नागपुर जिला बाल संरक्षण विभाग और संबंधित सामाजिक संगठनों ने तुरंत कार्रवाई की और बच्ची के घर का दौरा किया। कार्रवाई के दौरान संबंधित परिवार के सदस्यों से विस्तार से पूछताछ की गई। उन्हें बाल विवाह के कानूनी परिणामों के बारे में बताया गया और सूचित किया गया कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है। स्थगित करने पर परिवार सहमत परामर्श और निवारक उपायों के परिणामस्वरूप संबंधित परिवार विवाह स्थगित करने के लिए सहमत हो गया। इसके कारण प्रशासन नाबालिग के बचपन, शिक्षा और भविष्य को सुरक्षित करने में सक्षम रहा। किशोरी की सुरक्षा के साथ-साथ उसकी आगे की शिक्षा और पुनर्वास के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने कहा है कि बाल विवाह की रोकथाम में नागरिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसी कोई भी सूचना प्राप्त होने पर तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या संबंधित प्रशासन से संपर्क करने की अपील की गई है। यह कार्रवाई जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुनील मेसरे के मार्गदर्शन में की गई। वाइल्ड हेल्पलाइन के प्रतिनिधि अनिकेत भिवगड़े, मीनाक्षी धडाडे, प्रियंका होटे समेत अन्य ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

# रात में कमरे पर बुलाई सेक्स वर्कर की मौत, शक्तिवर्धक दवा की ओवरडोज या कुछ और...

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा राज

**( यंग भारत न्यूज )**

नोएडा सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के चोटपुर कॉलोनी में युवक ने बुधवार रात कमरे पर बुलाई सेक्स वर्कर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सुबह को महिला के नहीं उठने और कान से खून बहता देख युवक को मौत होने का पता चला। थाने जाकर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर फोरेंसिक टीम बुलाकर जांच कराई। युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की। शुरूआती जांच में शक्तिवर्द्धक दवाई की ओवरडोज और अत्यधिक शराब के सेवन से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस महिला की पहचान करने और मौत का पता लगाने में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। उधर, स्थानीय लोगों के बीच महिला की हत्या करने की चर्चा है।



नोएडा चोटपुर कॉलोनी में एक युवक किराये पर कमरा लेकर रहता है। वह सेक्टर-63 की एक फैक्ट्री में काम करता है। वह बृहस्पतिवार सुबह घबराया हुआ सेक्टर-63 थाने पहुंचा। उसने डरते-डरते बताया कि कमरे पर सेक्स वर्कर मृत अवस्था में पड़ी है। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो बात सच निकली। युवक ने बताया कि उसने बुधवार रात को कॉल कर महिला को कमरे पर बुलाया था। पहले भी दो-तीन बार कमरे पर बुलाया था। दोस्ताना व्यवहार होने के चलते रात में दोनों ने शराब का सेवन किया और सो गए। वह बृहस्पतिवार सुबह फैक्ट्री जाने के लिए उठा। महिला को उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं उठी। उसकी नजर महिला के कान से बहते खून पर पड़ी। वह घबरा गया और पुलिस को बताया। पुलिस ने फारेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। वीडियोग्राफी कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस को महिला के पास से पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला। उसके पास से एक मोबाइल मिला। पुलिस मोबाइल से महिला की पहचान करने में जुटी है। महिला के मोबाइल में अधिकांश नंबर ग्राहकों के मिले। इन्होंने महिला को पहचानने से इनकार कर दिया। दो नंबर महिला के जानकार के मिले हैं। इनसे संपर्क कर पुलिस महिला का वास्तविक नाम व पता आदि की जानकारी कर रही है।

# यूपी में इन लोगों को चार लाख की सहायता देगी योगी सरकार, सीएम ने अफसरों को जारी किए निर्देश

**( यंग भारत न्यूज )**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-पानी और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि के मामले में अधिकारियों को पीड़ित परिवारों को 24 घंटे में सहायता राशि उपलब्ध कराने का कड़ा निर्देश दिया है।



यूपी सरकार आपदा में मृत्यु पर पीड़ित परिवार को चार लाख रुपये सहायता राशि प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने राहत कार्य में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। कहा कि फसलों के नुकसान में भी पीड़ित किसानों को सहायता पहुंचाई जाए। सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों को प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने और हालात का जायजा लेने के निर्देश भी दिए। मौसम बिगड़ने से प्रदेश में बीते 24 घंटे में 26 जिलों में 111 जनहानि हुई और 72 लोग घायल हुए। 170 पशुहानि तथा 227 मकान क्षति की सूचना प्राप्त हुई है। खराब मौसम के कारण प्रयागराज में 21, मिर्जापुर में 19, फतेहपुर में 11 तथा संत रविदास नगर में 16 जनहानियां हुई हैं। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कहा कि आपदा की इस घड़ी में सरकार पूरी मजबूती के साथ जनता के साथ खड़ी है और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने किसानों, पशुपालकों और अन्य प्रभावित परिवारों को तेजी से राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को निर्देश दिए। राहत आयुक्त डा. हृषिकेश भास्कर यशोद ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रभावित जिलों के डीएम व एडीएम के साथ प्राकृतिक आपदा से हुई विभिन्न क्षतियों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से निरंतर मानीटरिंग की जा रही है। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी खराब मौसम की चेतावनी के बाद सचेत पोर्टल के माध्यम से 34. 64 करोड़ रेड व आरेंज चेतावनी संदेश भेजे गए हैं। सरकार प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता के अलावा 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर किसानों को मुआवजा देगी। यह वर्षा सिंचित क्षेत्र में 8500 रुपये प्रति हेक्टेयर, सुनिश्चित सिंचित क्षेत्र में 17 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तथा 12 माही फसलों और कृषि वानिकी के लिए 22,500 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। यह सहायता अधिकतम दो हेक्टेयर भूमि वाले किसानों को दी जाएगी। अतिवृष्टि के कारण खेतों में जमा गाद और मलबा हटाने के लिए भी योगी सरकार ने 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तक सहायता देने का प्रावधान किया है। इससे प्रभावित किसानों को दोबारा खेती शुरू करने में मदद मिलेगी। पशुपालकों को भी राहत दी जाएगी। दुधारू पशुओं जैसे गाय-भैंस की मृत्यु पर 37,500 रुपये तक सहायता दी जाएगी। बैल और घोड़े जैसे गैर दुधारू पशुओं के लिए 32 हजार रुपये तथा बछड़ा, गधा, खच्चर और टट्टू के लिए 20 हजार रुपये की सहायता तय की गई है। भेड़, बकरी और सुअर की क्षति पर भी चार हजार रुपये प्रति पशु आर्थिक मदद दी जाएगी।

# 'मेरे बच्चों के लिए छोड़ दो.' चीखती रही पीड़िता, फिर भी नहीं रुके दरिंदे; दिल्ली कांड की गैंगरेप पीड़िता ने सुनाई आपबीती



एक बार फिर महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। हाल ही में सामने आई घटना ने 2012 के निर्भया कांड की दर्दनाक यादें ताजा कर दी हैं। एक बार फिर चलती बस में महिला के साथ हुई हैवानियत ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। जानकारी के अनुसार, घटना रानीबाग से नांगलोई के बीच करीब 7 किलोमीटर के रूट पर हुई। जिस बस में यह घटना हुई, वह एक प्राइवेट स्लीपर बस थी। हैरानी की बात यह है कि जहां यह अपराध हुआ, वहां से नांगलोई पुलिस स्टेशन की दूरी बहुत कम थी, फिर भी पीड़िता की मदद समय पर नहीं पहुंच सकी। पीड़िता पीतमपुरा की झुग्गियों में रहती है और मंगोलपुरी की एक फैक्ट्री में काम करती है। 11 मई की रात वह रोज की तरह काम से लौट रही थी। सरस्वती विहार के बी-ब्लॉक बस स्टैंड पर वह बस का समय पूछने के लिए रुकी, तभी उसे जबरन बस में खींच लिया गया। इसके बाद आरोपियों ने बस का दरवाजा बंद कर दिया और ड्राइवर को बस चलाने के लिए कहा। चलती बस के अंदर महिला के साथ दो लोगों ने गंभीर अपराध किया। कुछ घंटों बाद आरोपियों ने उसे गंभीर हालत में सड़क किनारे फेंक दिया और फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जिसमें अपराध की पुष्टि हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता को रानीबाग इलाके से बस में बैठाया गया था और फिर नांगलोई की तरफ ले जाकर वारदात को अंजाम दिया गया। इस मामले में संबंधित थाने में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना को याद करते हुए पीड़िता ने बताया कि उसने आरोपियों से बार-बार छोड़ देने की गुहार लगाई। उसने अपने बच्चों का हवाला भी दिया, लेकिन आरोपियों ने उसकी एक भी बात नहीं सुनी और वारदात को अंजाम दिया।

# उन्नाव रेप केस में कुलदीप सिंह सेंगर को SC से झटका, दिल्ली हाई कोर्ट के सजा निलंबन के फैसले को पलटा

**( यंग भारत न्यूज )**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2017 के उन्नाव रेप केस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित करने वाले दिल्ली हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया



इससे पहले, इस मामले में सीबीआई की ओर से दायर एक अपील पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिल्ली हाई कोर्ट को निर्देश दिया है कि वह दो महीने के भीतर इस मामले पर नए सिरे से फैसला करे। साथ ही, शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि हाई कोर्ट अपना नया निर्णय लेते समय सुप्रीम कोर्ट द्वारा पिछला आदेश रद्द किए जाने के फैसले से बिल्कुल भी प्रभावित न हो। जून 2017 में उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर एक 17 वर्षीय किशोरी ने आरोप लगाया कि नौकरी दिलाने के झांसे में उसे अपने घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पुलिस ने विधायक के प्रभाव के कारण शुरू में मुकदमा दर्ज नहीं किया। मार्च-अप्रैल 2018 तक लगातार शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने पर किशोरी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्मदाह का प्रयास किया, जिसके बाद 9 अप्रैल 2018 को सेंगर के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज हुआ। इस दौरान पीड़िता के पिता को जेल भेज दिया गया, जहां अप्रैल 2018 में उनकी मौत हो गई। मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई और जुलाई 2018 में कुलदीप सिंह सेंगर को गिरफ्तार कर लिया गया। भाजपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। जुलाई 2019 में पीड़िता, उसके वकील और परिवार को ले जा रही कार में एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें पीड़िता की दो रिश्तेदारों की मौत हो गई। परिवार ने इसे सुनियोजित साजिश बताया। सुप्रीम कोर्ट ने पूरा मामला दिल्ली स्थानांतरित कर दिया। दिसंबर 2019 में दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट ने कुलदीप सिंह सेंगर को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई और 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। पिता की मौत के मामले में भी उन्हें अतिरिक्त 10 साल की सजा हुई।

# गर्भपात कराओ, बच्चा नाजायज?, 150 दिन पहले ट्विशा शर्मा का विवाह समर्थ सिंह से हुआ था, 5 माह बाद मौत, परिवार ने कहा-चरित्र पर बार-बार सवाल

**( यंग भारत न्यूज )**

**नोएडा।** प्रदेश की नोएडा की रहने वाली ट्विशा शर्मा का विवाह भोपाल के वकील समर्थ सिंह से हुआ था। 33 वर्षीय महिला की शादी के पांच महीने बाद मौत हो गई। मंगलवार (12 मई) की रात ट्विशा के परिवार को उनकी मृत्यु की सूचना मिली।



33 वर्षीय बेटी की अचानक मृत्यु ने ससुराल वालों द्वारा मानसिक उत्पीड़न के आरोपों और सवालों को जन्म दिया है। आखिरी फोन कॉल ट्विशा के परिवार के अनुसार, घटना वाली रात को उन्होंने रात 10:05 बजे अपनी मां को फोन किया और अपनी आपबीती सुनाई। बताया जाता है कि ट्विशा ने अपने ससुराल में हो रहे उत्पीड़न के बारे में बताया था। ट्विशा के भाई और भारतीय सेना के अधिकारी मेजर हर्षित शर्मा ने बताया कि बातचीत के दौरान पति के कमरे में आने के बाद उन्होंने अचानक फोन काट दिया। उन्होंने आगे कहा, 'इसके बाद हमारे परिवार ने ट्विशा, समर्थ और उनकी सास गिरिबाला सिंह से संपर्क करने के कई प्रयास किए, लेकिन किसी ने जवाब नहीं दिया।' दस मिनट बाद रात 10:15 बजे गिरिबाला सिंह ने फोन उठाया। ट्विशा के परिवार ने उनसे तुरंत अपनी बेटी को देखने का अनुरोध किया। पांच मिनट बाद, रात 10:20 बजे, परिवार को सूचित किया गया कि ट्विशा 'सांस नहीं ले रही है'। ट्विशा को अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचते ही उसे मृत घोषित कर दिया गया। परिवार का आरोप है कि अस्पताल 10 मिनट की दूरी पर होने के बावजूद चिकित्सा उपचार में देरी हुई। मेजर शर्मा ने आगे बताया कि खबरों के मुताबिक वे रात करीब 11:30 बजे अस्पताल पहुंचे। मानसिक उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के आरोप मेजर शर्मा का दावा है कि उनकी बहन को मानसिक उत्पीड़न और घरेलू हिंसा का शिकार बनाया गया। उन्हें गर्भपात कराने के लिए भी मजबूर किया गया। उन्होंने कहा, 'गर्भावस्था के दौरान मेरी बहन ने बच्चे को जन्म देने की इच्छा जताई थी। हालांकि, आरोप है कि उनके पति और ससुराल वालों ने उन पर गर्भपात कराने के लिए बहुत दबाव डाला। उनके चरित्र पर बार-बार सवाल उठाए गए और आरोप लगाए गए कि बच्चा नाजायज है। लगातार मानसिक दबाव और पारिवारिक दबाव के चलते चिकित्सकीय रूप से गर्भपात कराया गया।' हालांकि, उत्पीड़न और भी बढ़ गया। परिवार का आरोप है कि उन्हें दहेज से संबंधित उत्पीड़न का भी शिकार बनाया गया और उनके पिता द्वारा उपहार में दिए गए 20 लाख रुपये के शेयर और निवेश उनके पति और ससुराल वालों को हस्तांतरित करने के लिए दबाव डाला गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट क्या कहती है संक्षिप्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, ट्विशा की मृत्यु 'मृत्यु से पहले फांसी' के कारण हुई, जिसका अर्थ है कि फांसी के समय वह जीवित थी। रिपोर्ट में शरीर के अन्य हिस्सों पर 'मृत्यु से पहले कई चोटों' (घाव, खरोंच) का भी उल्लेख है। रिपोर्ट से पता चला कि एक सप्ताह पहले गर्भपात कराया गया था। शरीर के आंतरिक अंगों (जैसे पेट, यकृत, आंतें, हृदय और गुर्दे) और रक्त के नमूनों को विषाक्त पदार्थों की जांच के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) भेजा गया है। नाखूनों के नमूनों को डीएनए विश्लेषण के लिए सुरक्षित रखा गया है। सेलोटेप और कपड़ों को भी सील करके जांच के लिए पुलिस को सौंप दिया गया है। गर्भाशय को ऊतक विकृति विज्ञान परीक्षण के लिए सुरक्षित रखा गया है। परिवार को आशंका है कि सबूतों के साथ छेड़छाड़ की जा सकती है और जांच प्रभावित हो सकती है क्योंकि ट्विशा की सास एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश हैं और पति एक वकील हैं। इसलिए उन्होंने वैवाहिक घर को सील करने का आदेश दिया है। मामला दर्ज पुलिस ने समर्थ सिंह के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज की है। ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है।

# हृदय सम्राट बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में समर्पण दिवस मनाया गया

- हर हृदय के देव बाबा हरदेव सिंह जी को अर्पित श्रद्धा सुमन
- मानव जीवन का हर क्षण इंसानियत और भक्ति में समर्पित हो

\- सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** हृदय सम्राट बाबा हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में 13 मई को आदरणीय महात्मा श्री प्रदीप जी की उपस्थित में समर्पण दिवस के अवसर पर एक विशाल सत्संग का आयोजन संत निरंकारी सत्संग भवन झांसी में आयोजित हुआ। जिसमें शहर झांसी के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित हुए। सत्संग समाप्ति के बाद सभी भक्तों ने लंगर प्रसाद ग्रहण किया।

यह जानकारी ब्रांच झांसी के संयोजक श्री तरसेम कुमार जी द्वारा दी गई इसी क्रम में श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक चेतना से परिपूर्ण दिव्य वातावरण में संत निरंकारी मिशन द्वारा युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी की स्मृति में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में परम् श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में भावपूर्ण संत समागम का आयोजन हुआ। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालुओं ने सतगुरु के पावन दर्शन एवं अमृतमयी प्रवचनों को श्रवण कर आत्मिक शांति, आनंद एवं दिव्य प्रेरणा का अनुभव प्राप्त किया। इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में फरमाया कि बाबा जी का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा और प्रेमा भक्ति का दिव्य उदाहरण रहा। उन्होंने प्रेरित किया कि मानव जीवन का प्रत्येक क्षण सार्थक बने और हर पल इंसानियत, करुणा एवं मानवीय मूल्यों का प्रमाण प्रस्तुत करे। बाबा जी ने सदैव यही शिक्षा दी कि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर मानवीय गुण विकसित कर निराकार का आसरा लेते हुए सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीयें। सतगुरु माता जी ने फरमाया कि यदि किसी के जीवन में दुख, पीड़ा या संघर्ष है, तो हमारा कर्तव्य उसे बढ़ाना नहीं, बल्कि प्रेम, संवेदनशीलता और सहयोग से उसे शांत करना है। जीवन ऐसा हो जो रिश्तों में प्रेम एवं समर्पण की भावना को सुदृढ़ करे। यही बाबा जी की शिक्षाओं का सार और सच्ची मानवता का स्वरूप है।

सतगुरु माता जी ने समझाया कि ब्रह्मज्ञान प्राप्त होने के पश्चात जीवन केवल व्यक्तिगत सीमाओं तक नहीं रहता, बल्कि समस्त मानवता की सेवा, कल्याण और उत्थान का माध्यम बन जाता है। सच्ची सेवा दिखावे से परे प्रेम, विनम्रता और निस्वार्थता से परिपूर्ण होती है, जबकि वास्तविक भक्ति शब्दों से आगे बढ़कर व्यवहार, विचार और कर्मों में झलकती है। अमर संत अवनीत जी के समर्पित जीवन का उल्लेख करते हुए सतगुरु माता जी ने फरमाया कि सच्चा समर्पण वही है जिसमें सेवा का भाव केवल विचारों में नहीं, बल्कि व्यवहार और प्राथमिकताओं में स्पष्ट दिखाई दे। उन्होंने गृहस्थ जीवन की जिम्मेदारियों के साथ संगत, सेवा और भक्ति को सर्वोपरि रखकर यह प्रेरणा दी कि पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में रहते हुए भी पूर्ण निष्ठा से समर्पित जीवन जिया जा सकता है। अंत में सतगुरु माता जी ने आशीर्वाद दिया कि प्रत्येक जीवन सेवा, सुमिरण और सत्संग को अपनी प्राथमिकता बनाए तथा हर हृदय निराकार में समर्पित होकर प्रेम, शांति और मानवता बाँटने का सशक्त माध्यम बने। आयोजन के मध्य गीतकारों, कवियों और विचारकों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से हृदय की गहन अनुभूतियों को अभिव्यक्त किया। जहाँ हर शब्द, हर स्वर दिल की गहराईयों से होते हुए आत्मा को छू गया। किसी ने बाबा जी की दिव्य शिक्षाओं का प्रेरक संदेश सुनाया, तो किसी ने उनके सौम्य व्यक्तित्व, सेवा-समर्पण और मानवता के कल्याण हेतु किए गए कार्यों के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वक्ताओं की रचनाओं व शब्दों में बाबा जी के हृदय स्पर्शी प्रेम का प्रतिबिम्ब परिलक्षित होता दिख रहा था। बाबा हरदेव सिंह जी की प्रेरणा आज भी श्रद्धालुओं के हृदय में जीवित है। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज उनके संदेशों को आगे बढ़ाते हुए सेवा, समर्पण और सद्भाव का प्रकाश फैला रही हैं। उनके मार्गदर्शन से विश्व में मानवता, एकता और भाईचारे का संदेश निरंतर प्रसारित हो रहा है।

# सुदामा चरित्र की कथा के साथ भागवत कथा का हुआ समापन

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** ग्राम बरौटा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का सुदामा चरित्र की कथा के साथ समापन हो गया। भागवत कथा व्यास आचार्य अरविंद शास्त्री परसुवा वालों ने भगवान के परम सखा सुदामा जी का वर्णन करते हुए कहा कि जो जीवन मे संतोषी होता है वही धनवान होता है।सुदामा जी परम संतोषी ब्राम्हण थे,इसलिए उन्हें धनवान कहा गया है।

उन्होंने कहा कि ज्ञान प्राप्त करने को विवेक की दृष्टि होनी चाहिये, तो किसी से भी शिक्षा ली जा सकती है।कलयुग में भगवान का नाम संकीर्तन ही मुक्ति का साधन है। भागवत कथा के समापन पर बधाईयों की एवं भजनों की प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे। भागवत कथा का मूल पाठ आचार्य राम सेवक शास्त्री ने किया। संगीतमय कथा में ऑर्गन एवं सह गायन पर प्रमोद गोस्वामी एवं बीरेन्द्र सिंह,नाल पर जीतू पैड पर बॉबी ने संगठनकी। भागवत कथा की आरती परीक्षित श्रीमती रामदेवी एवं नरेंद्र पटेल ने की।

कथा में मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती कमला देवी ने मुख्य आरती की। कथा में गुढ़ा प्रधान चन्द्रभान सिंह परमार, विजय नन्ना पटेल, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कमलेश लंबरदार इमलोटा ,कुलदीप पटेल प्रधान सिंगार,राजा भैया ,पुष्पेंद्र पटेल, विमलेश पटेल ,अवधेश पटेल , रवि पटेल ,रामकिशुन पटेल ,हर प्रसाद ,देवेंद्र पटेल, नयन पटेल, घनेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग 18 एवं 19 मई को पैरामेडिकल कॉलेज झांसी में होगा आयोजित

## प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्था को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत आयोजित होने वाले दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग को लेकर भाजपा कार्यालय में व्यवस्थापक कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला झांसी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल की अध्यक्षता एवं वर्ग प्रभारी मदन मोहन पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी के विशिष्ट अतिथि में आयोजित की गई। यह प्रशिक्षण वर्ग आगामी 18 एवं 19मई को पैरामेडिकल कॉलेज झांसी में संपन्न होगा।बैठक में प्रशिक्षण वर्ग की व्यवस्थाओं, कार्य विभाजन एवं आयोजन की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, वैचारिक प्रशिक्षण एवं अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।बैठक का मार्गदर्शन जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मदन मोहन पाण्डेय ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा समय-समय पर प्रशिक्षण वर्गों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, इतिहास एवं कार्यपद्धति से जोड़ने का कार्य करती है।विशिष्ठ अतिथि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रामनरेश तिवारी ने बैठक को संबोधित किया। जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने कहा कि पहले चरण में जिले के सभी मंडलों में प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। अब दूसरे चरण में जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया जा रहा है, जिससे कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति और अधिक सक्षम एवं समर्पित बनाया जा सके।

बैठक में विभिन्न व्यवस्थाओं हेतु अलग-अलग टोली प्रभारियों की नियुक्ति की गई। इनमें डिजिटल पंजीयन, मीडिया विभाग, प्रदर्शनी, सभा मंच व्यवस्था, साज-सज्जा, यातायात, पार्किंग, भोजन एवं मोबाइल पार्किंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां तय की गईं।जिले के गरौठा एवं मऊरानीपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 13 मंडलों से लगभग 250 से अधिक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला महामंत्री बद्री त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष सहजेन्द्र सिंह बघेल, गुड्डी रानी पटेल, सतेन्द्र खरे, नेहिल सिंघई, निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष उदय लुहारी, जिला मंत्री यज्ञेश यादव,प्रगति आर्य यशोदा कुशवाहा, केशव सिंह परिहार प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख बामौर,प्रवेश शर्मा, आनंद कुमारी, अंशुल खरे, भरत राजपूत,हुकुम सिंह राजपूत, सुशील कुमार श्रीवास,आशीष खरे, राघवेंद्र सिंह बुन्देला, संदीप पटसारिया, अवधेश सिंह परिहार, भरत पाल, रामकिशोर आर्य,आदि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला महामंत्री छत्रपाल सिंह राजपूत ने किया।

# नाला पुल निर्माण के दौरान नहीं लगाया गया सावधानी/ चेतावनी का बोर्ड, कभी भी हो सकता हादसा

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** परवई-अमखेड़ा मार्ग पर औरेखी के पास नाले पर रपटा के बगल में पुल का निर्माण कराया जा रहा है। जिसके चलते रपटा बंद हो गया है। बगल में निकलने के लिए कच्ची रास्ता बनाई गई है। यह रपटा अंधे मोड यहां पर कोई चेतवानी बोर्ड न लगाए जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीण ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर इस स्थान पर डायवर्जन की सूचना और चेतावनी के लिए साइन बोर्ड लगवाने की मांग की है।

ग्राम औरेखी निवासी ग्रामीण अनिल कुमार प्रजापति, अनमोल प्रजापति, शिवपाल कुशवाहा, रामबाबू रजक, दिलीप कुमार, दिनेश चौधरी आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि जालौन बंगरा मार्ग से परवई मार्ग निकला है। परवई अमखेड़ा मार्ग पर औरेखी के पास नाले पर रपटा बना हुआ है। बरसात में इस पुल के पानी की डूबने से आसपास के गांवों के लोगों का आवागमन ठन हो जाता था। ऐसे में यहां पुल बनाए जाने की मांग ग्रामीण कर रहे थे। हालांकि यहां पुल का निर्माण शुरू हो गया है। लगभग 10 दिनों से खुदाई का काम चल रहा है। जिससे रपटा के दोनों ओर गहरे गड्ढे हो गए हैं। यह रपटा भी अंधी मोड़ पर स्थित है। ठेकेदार द्वारा निकलने के लिए रपटा के बगल में कच्ची रास्ता बनाई गई है। लेकिन इस अंधे मोड़ पर कोई साइन बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिन लोगों को जानकारी है वह तो संभलकर निकल सकते हैं। लेकिन अंजान व्यक्ति के लि यहां खुदे गड्ढे खतरनाक साबित हो सकते हैं।

जिससे लगातार दुर्घटना की खतरा बना हुआ है। उन्होंने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया जाए कि रपटा के दोनों ओर चेतावनी से संबंधित और डायवर्जन से संबंधित रेडियम बोर्ड लगवाए जाएं। ताकि रात के समय निकलने वाले वाहन चालकों को दुर्घटना का खतरा न रहे।

# जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए एसडीम ने पहल की

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** नगर को जाम की समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए एसडीम ने पहल की है। उन्होंने गुरूवार की शाम बाजार में भ्रमण कर दुकानदारों से स्वत: ही उनके अतिक्रमण हटा लेने की अपील की। स्वत: अतिक्रमण न हटाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने की भी चेतवानी दी है। इसको लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने से पूर्व व्यापारियों की समस्याओं का समाधान कराने की मांग की है। नगर में अतिक्रमण के चलते अक्सर जाम की समस्या बनी रहती है। नगर के झंडा चौराहा, सब्जी मंडी, तहसील रोड कांजी हाउस, पानी की टंकी के पास एवं छोटी माता मंदिर के पास दिन में कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। इसको लेकर एसडीएम रिंकू सिंह राही ने गुरूवार की शाम नगर के बाजार में भ्रमण किया। उन्होंने दुकानदारों से अतिक्रमण को लेकर वार्ता की और उन्हें समझाया कि उनके द्वारा अस्थाई अतिक्रमण किए जाने से अन्य लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में वह स्वत: ही अपने अतिक्रमण हटा लें। ताकि दूसरों को परेशान न होना पड़े। साथ ही चेतावनी दी कि स्वत अतिक्रमण न हटाने पर अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। वहीं, अतिक्रमण अभियान से पूर्व शुक्रवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी श्यामजी गुप्ता, अनिल गुप्ता, दीपू पुरवार, लोकेंद्र यादव आदि एसडीएम से मिले और उन्हें ज्ञापन देकर बताया कि नगर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण व बड़े वाहनो की आवागमन से जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। उन्होंने अतिक्रमण अभियान चलाए जाने से पूर्व बाजार के मुख्य मार्गो पर सड़क के किनारे सफेद पट्टी बनवाने की मांग की। ताकि रेहड़ी, पटरी के दुकानदार सफेद पट्टी के अंदर ही अपना व्यापार कर सकें और उनकी भी जीविका चलती रहे। इसके अलावा नगर के बस स्टैंड, द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण, पुराना अस्पताल आदि स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था करवाई जाए। बाजार के अंदर आने वाले स्थानो पर बेरीकेटिंग कर ट्रैफिक पुलिस लगाकर बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए। पार्किंग व्यवस्था उपलब्ध होने के बाद ही अतिक्रमण अभियान चलाया जाए।

# पीएम मोदी और सीएम योगी की अपील का असर, विधायक रवि शर्मा ने ईवी स्कूटी का शुरू किया उपयोग

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** वैश्विक आर्थिक संकट के बीच प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी की अपील पर जनप्रतिनिधियों ने पेट्रोल बचाने की ओर कदम बढ़ाने शुरू कर दिए हैं। झांसी के सदर विधायक रवि शर्मा ने शहर भ्रमण के दौरान ईवी स्कूटी के उपयोग का निर्णय लिया है। इतना ही नहीं वे शुक्रवार को स्कूटी पर सवार होकर शहर के कई हिस्सों में भ्रमण पर निकले। इस दौरान विधायक का सुरक्षाकर्मी भी उनके साथ स्कूटी पर पीछे सवार दिखा। विधायक का कहना है कि लंबी दूरी की यात्रा पर ही वे बड़े वाहन का उपयोग करेंगे। स्थानीय कार्यक्रमों में वे ईवी स्कूटी का ही उपयोग करेंगे।

विधायक रवि शर्मा ने कहा कि इस समय विश्व के कई देश युद्ध में हैं। ईंधन की आवाजाही में समस्या है। ऐसे समय में पीएम मोदी ने अपील की है कि ऊर्जा और ईंधन को बचाएं। हम स्वदेशी का अधिक उपयोग करें जिससे विदेशी मुद्राकोष को अधिक समय तक बचाकर रख सकें। इसीलिए पीएम ने सोने की खरीद नहीं करने का आग्रह किया है। पीएम खुद अपनी फ्लीट में सिर्फ दो गाड़ियां लेकर चल रहे हैं। ऐसे में हम लोगों की भी जिम्मेदारी बनती है कि ऊर्जा संरक्षण की ओर कदम बढ़ाएं। सदर विधायक रवि शर्मा ने कहा कि हमने ईवी स्कूटी का का उपयोग शुरू कर दिया है। शहर के भीतर की यात्रा के लिए ईवी स्कूटी का उपयोग करेंगे। सिर्फ लंबी यात्रा के लिए ही चार पहिया वाहन का इस्तेमाल करेंगे। ऊर्जा और ईंधन की बचत के लिए जो भी तरीके संभव हो, वह हम सभी लोग मिलकर इस संकट के समय में अपनाएंगे।

# सर्वांगीण विकास के लिए संगीत सीखें-परशुराम पाठक



( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** राजकीय इंटर कॉलेज खड़ौरा में चल रहे समर कैम्प में संगीत की विभिन्न विधाओं तथा संगीत चिकित्सा प्रणाली की जानकारी छात्र छात्राओं को दी गई।बुन्देलखण्ड के प्रख्यात सितारवादक संगीतगुरु पंडित परशुराम पाठक समर कैम्प में बोलते हुए हुए उन्होंने कहा कि संगीत की साधना ईश्वर की सबसे बड़ी भक्ति है।संगीत में राग रागनियों के द्वारा कई रोगों से छुटकारा मिल जाता है।

उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विकास के लिए संगीत का अध्ययन करें।सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लें,जिससे आपका सर्वांगीण विकास होगा। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य हेम कुमार प्रजापति ने किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान मनोज यादव, हरिशंकर सोनी, हेमन्त मिश्रा, विक्की पटेल ,जनेन्द्र राजपूत, वीरेंद्र गौतम,ओमप्रकाश मिश्रा,कन्हैया लाल मिश्रा,बनमाली मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नैनपुरा में आयोजित शिविर के तीसरे दिन बच्चों को भारतीय संस्कृति, कला के कराये दर्शन

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** परिषदीय विद्यालयों में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर में सीखने के साथ ही उनकी रचनात्मकता को भी निखारा जा रहा है। प्राथमिक विद्यालय नैनपुरा में आयोजित शिविर के तीसरे दिन बच्चों को भारतीय संस्कृति, कला और परंपरा से जोड़ते हुए भारत के प्रमुख शास्त्रीय नृत्यों एवं भारतीय चित्रकलाओं पर आधारित रोचक गतिविधियां कराई गईं।

विद्यालय की शिक्षिका रीनू पाल ने बताया कि साप्ताहिक ग्रीष्मकालीन शिविर के माध्यम से बच्चों को खेल-खेल में नई जानकारियां दी जा रही हैं, ताकि छुट्टियों के दौरान भी उनकी सीखने की प्रक्रिया जारी रहे। शिविर के तीसरे दिन बच्चों को भरतनाट्यम, कथक, कुचिपुड़ी, ओडिसी और कथकली जैसे भारत के प्रमुख शास्त्रीय नृत्यों के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को इन नृत्यों की विशेषताएं, पहनावा और उनकी सांस्कृतिक महत्ता भी समझाई गई। बच्चों ने समूह बनाकर नृत्य मुद्राओं की प्रस्तुति भी दी। इसके साथ ही मधुबनी, वारली, कलमकारी और पिथौरा जैसी भारतीय पारंपरिक चित्रकलाओं से भी बच्चों को परिचित कराया गया। बच्चों ने रंगों और चित्रों के माध्यम से अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारा। किसी ने मधुबनी शैली में चित्र बनाए तो किसी ने वारली कला के जरिए ग्रामीण जीवन को दर्शाया। बच्चों की रचनात्मकता देखकर शिक्षक भी उत्साहित नजर आए। उन्होंने बच्चों को बताया कि भारतीय कला और संस्कृति हमारी पहचान है। नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर की जानकारी होना बेहद जरूरी है। शिविर के अंत में बच्चों के कार्यों की सराहना की गई और उन्हें आगे भी इसी तरह रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718